झारखण्ड शिक्षा परियोजना, राँची
मध्य विद्यालय बी०एम०पी०–1 डोरण्डा परिसर, राँची–834002
0651-2490065(Office),
Email - jepranchi@gmail.com

शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

पत्रांक........712........ दिनांक........16/5/26

प्रेषक,

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
राँची।

सेवा में,

प्रधानाध्यापक/प्रभारी प्रधानाध्यापक/वार्डन
CM SCHOOL OF EXCELLENCE GIRLS, BARIATU, RANCHI
CM SCHOOL OF EXCELLENCE , KANKE, RANCHI
TVS CM SCHOOL OF EXCELLENCE , JAGARNATHPUR, RANCHI
ASTVS DISTRICT CM SCHOOL OF EXCELLENCE, RANCHI
KGBV CM SCHOOL OF EXCELLENCE, NAMKUM, RANCHI

विषयः **मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय हेतु सत्र 2026–27 में वर्ग 11 हेतु आयोजित प्रवेश परीक्षा के माध्यम से नामांकन हेतु औपबंधिक मेरिट लिस्ट उपलब्ध कराने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक राज्य परियोजना निदेशक के पत्रांक 1347 दिनांक 23.03.2026 एवं पत्रांक 1921 दिनांक 30.04.2025 के द्वारा प्राप्त निदेश के अनुपालन में दिनांक 30.04.2026 को 11वीं में नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा में आपके स्तर से उपलब्ध कराई गई प्राप्तांक के आधार पर औपबंधिक मेरिट लिस्ट पत्र के साथ संलग्न कर उपलब्ध कराया जा रहा है। विद्यालयवार विवरणी निम्नवत है–

Block	U-DISE Code	Name of School	Class XI	Seat declared by School	Merit List
Kanke	20140116413	CM SCHOOL OF EXCELLENCE GIRLS, BARIATU, RANCHI	Science	80	75
			Arts	160	31
			Commerce	40	09
			Total	**280**	**115**
Kanke	20140112013	CM SCHOOL OF EXCELLENCE , KANKE, RANCHI	Science	40	40
			Arts	40	27
			Commerce	40	18
			Total	**120**	**85**
Kanke	20140121504	TVS CM SCHOOL OF EXCELLENCE , JAGARNATHPUR, RANCHI	Science	50	34
			Arts	40	13
			Commerce	30	08
			Total	**120**	**55**
Kanke	20140120009	ASTVS DISTRICT CM SCHOOL OF EXCELLENCE, RANCHI	Science	80	80
			Arts	80	58
			Commerce	40	40
			Total	**200**	**178**
Namkum	20140806605	KGBV CM SCHOOL OF EXCELLENCE, NAMKUM, RANCHI	Science	40	03
			Arts	35	03
			Commerce	00	00
			Total	**75**	**06**

झारखण्ड शिक्षा परियोजना, राँची

मध्य विद्यालय बी०एम०पी०–1 डोरण्डा परिसर, राँची–834002

0651-2490065(Office),

Email - jepranchi@gmail.com

शिक्षा का अधिकार

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

नामांकन के क्रम में निम्नांकित का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय–

- संलग्न सूची को विद्यालय के वेबसाईट पर 24 घंटे के अंदर अपलोड किया जाय।
- सभी संबंधित अभिभावकों को आज ही विद्यालय द्वारा दूरभाष पर संपर्क कर सूचना उपलब्ध कराई जाय।
- प्रवेश परीक्षा के माध्यम से चयनित छात्र–छात्राओं का नामांकन के लिए यह औपबंधिक सूची है, केवल सूची में नाम होने से उनका अंतिम चयन नहीं माना जाएगा।
- नामांकन हेतु राज्य स्तरीय दिशा–निदेश के आलोक में सभी वांछित दस्तावेज प्राप्त किये जाने हैं।
- सभी अभिभावकों से शपथ पत्र प्राप्त किया जाना है जिसमें उनके द्वारा सत्यापित किया जाएगा कि–
  1. उनके द्वारा घोषित आरक्षण कोटि सत्य है एवं उनके द्वारा प्रमाण पत्र उपलब्ध करा दिया जाएगा।
  2. EWS श्रेणी के संदर्भ में अभिभावक घोषणा करेंगे कि उनकी वार्षिक आय (8 लाख से कम) एवं अन्य परिसंपत्ति नियमानुसार सरकार द्वारा घोषित दिशा–निदेश के अनुसार वे EWS के पात्र हैं तथा उनके द्वारा प्रमाण पत्र उपलब्ध करा दिया जाएगा।
  3. जाँच के क्रम में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर विद्यालय को नामांकन रद्द करने का अधिकार होगा, जो उन्हें मान्य होगा।
- सूची में संलग्न छात्र–छात्राओं को व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर 07 दिनों के अंदर नामांकन सुनिश्चित करायेंगे।
- **राज्य परियोजना निदेशक के पत्रांक 1921 दिनांक 30.04.2025 द्वारा प्राप्त निदेश के आलोक में मेरिट सूची से नामांकन उपरांत शेष रिक्त सीटों पर JAC /CBSE / ICSE बोर्ड द्वारा 10वीं की बोर्ड परीक्षा के परिणाम के आलोक में निर्धारित कट ऑफ मार्क्स के आधार पर ग्रीष्मावकाश में ही विद्यालय के संकायवार रिक्त सीटों पर शत–प्रतिशत नामांकन कराना सुनिश्चित करेंगे। कार्यालय ज्ञापांक 630 दिनांक 30.04.2026 द्वारा संबंधित पत्र अनुपालनार्थ उपलब्ध कराया गया है।**

निदेश दिया जाता है कि निर्धारित अवधि में नामांकन की प्रक्रिया सुनिश्चित करायेंगे। साथ ही वर्गवार, कोटिवार रिक्त सीटों का विवरण भी उपलब्ध करायेंगे।

अनु0 – मेरिट लिस्ट।

विश्वासभाजन

16/5/2026

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, राँची।

16/5/26